## महत्वपूर्ण एवं खास

### अध्यापक ने महाविद्यालय के डीन को दी धमकी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य औद्योगिक महाविद्यालय के डीन से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कृषि विश्वविद्यालय परिसर निवासी प्रार्थी डॉ. अवधेश कुमार त्रिपाठी महाविद्यालय में डीन के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि आरोपी अध्यापक पीएल चौधरी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने फिर ली एक युवक की जान

**बिलासपुर (आरएनएस)।** घटना छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की है, जहां रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चपोरा में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर रतनपुर पेंड्रा सडक़ में चक्काजाम कर दिया है। बता दें कि रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दे रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह करीब 9 बजे के आसपास चपोरा निवासी संतोष जायसवाल पिता स्वर्गीय हिमाचल जायसवाल उम्र 40 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक छ्त्र 10 श्वश्व 2444 में पेट्रोल डलवाने रतनपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप जा रहा था। तभी सामने रतनपुर की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक छ्त्र 04 ह्लक्क 8368 ने चपोरा मोड़ के पास अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार युवक बाइक समेत ट्रक के अंदर चला गया और पहिए के नीचे आ जाने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जब इस घटना की जानकारी परिजनों एवं ग्रामीणों को हुई, तब घटनास्थल पर पहुंच रोड की मरम्मत और मुआवजा की मांग को लेकर रतनपुर पेंड्रा रोड में करीब 2 घंटे से चक्काजाम कर रहे है। वहीं रतनपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी है और ग्रामीणों को समझाइश दे रहे है।

### राजधानी पुलिस ने अपनाया सख्त रवैया, 103 बदमाशों को किया गया गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में लगातार बढ़ रहे अपराधो के बीच राजधानी पुलिस ने सख्त रवैया अपना लिया है। राजधानी पुलिस ने शहर के अपराधियों, चाकूबाजों और अड्डेबाजो के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 103 गुंडा बदमाश और चाकूबाजो समेत अड्डेबाजो को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक स्स्क रायपुर ने 3 दिनों में हुई 3 चाकूबाजी और 2 हत्याओं के बाद सख्त रवैया अपना लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने। साथ ही नव वर्ष आगमन को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर जिले में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान ह्म्स्क थाना प्रभारी, थानों का बल एवं एंटी क्राईम एंड साईबर यूनिट की टीम सहित कई अधिकारी शामिल थे। गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों, अड्डेबाजों सहित अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अधिकारियों के मुताबिक ये अभियान लगातार जारी रहेगा।

### नवविवाहिता की फंदे पर लटकी मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक नवविवाहिता की आत्महत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवती की शादी पिछले माह 24 नवंबर को हुई थी। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक, यह मामला दुर्ग जिले के नेवई थाना क्षेत्र का है। यहां टंकी मरोदा निवासी एक नवविवाहिता ने शनिवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। 24 नवंबर को ही महिला की शादी हुई थी। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतिका प्रेरणा गुप्ता (22) ने शनिवार की दोपहर में फांसी लगा ली। उसका पति हीरालाल गुप्ता दोपहर में क्रिकेट देखने के लिए बाहर चला गया था। वो शाम को वापस लौटा तो उसकी लाश फंदे पर झूलती मिली। मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि दोनों ने दोपहर में एक साथ खाना खाया था। इसके बाद वो क्रिकेट देखने के लिए घर से बाहर चला गया था। नेवई पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। नवविवाहिता की मौत का मामला होने के कारण इसकी न्यायिक दंडाधिकारी जांच होगी।

# मुख्यमंत्री आज गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 5 करोड़ 99 लाख रूपए का करेंगे भुगतान

- गौठानों में अब तक 1 लाख 5 हजार 180 लीटर गौमूत्र क्रय
- ब्रम्हास्त्र और जीवामृत की बिक्री से 19.63 लाख की आय
- गौठानों को किसानों ने अब तक 5 लाख 13 हजार क्विंटल पैरादान किया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण के लिए आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 5 करोड़ 99 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी करेंगे, जिसमें 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय 2.2 लाख क्विंटल गोबर के एवज में 4 करोड़ 41 लाख रूपए, गौठान समितियों को 94 लाख और महिला समूहों को 64 लाख रूपए की लाभांश राशि शामिल हैं।

**गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 380.27 करोड़ का भुगतान**

गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में हितग्राहियों को 374 करोड़ 28 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है, जिसमें 18 करोड़ रूपए की बोनस राशि भी शामिल है। 19 दिसम्बर को 5.99 करोड़ के भुगतान के बाद यह आंकड़ा 380 करोड़ 27 लाख रूपए हो जाएगा।

गोधन न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ के गौठानों में 2 रूपए किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। गौठानों में 15 दिसम्बर तक 94.23 लाख क्विंटल गोबर खरीदी के एवज में गोबर विक्रेताओं को 188.45 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। 19 दिसम्बर को गोबर विक्रेताओं को 4.41 करोड़ रूपए का भुगतान होने के बाद यह आंकड़ा बढक़र 192.96 करोड़ रूपए हो जाएगा।

गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 167.83 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूह को 19 दिसम्बर को 1.58 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढक़र 169.41करोड़ रूपए हो जाएगा।

**गौठानों में 1 लाख 5 हजार 180 लीटर गोमूत्र की खरीदी**

राज्य के गौठानों में 4 रूपए लीटर की दर से गोमूत्र की खरीदी की जा रही है। गौठानों में अब तक एक लाख 5 हजार 180 लीटर गौमूत्र क्रय किया जा चुका है। इससे गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा 36,913 लीटर कीट नियंत्रक ब्रम्हास्त्र और 19,765 लीटर वृद्धिवर्धक जीवामृत तैयार किया गया है। ब्रम्हास्त्र और जीवामृत की बिक्री से कब तक कुल 19 लाख 63 हजार 235 रूपए की आय हुई है।

**गोबर से 25.87 लाख कम्पोस्ट खाद का उत्पादन-समूहों को 86 करोड़ 96 लाख की आय**

गौठानों में महिला समूहों द्वारा 20.27 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट तथा 5.40 लाख क्विंटल से अधिक सुपर कम्पोस्ट एवं 18,924 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट प्लस खाद का निर्माण किया जा चुका है, जिसे सोसायटियों के माध्यम से क्रमश: 10 रूपए, 6 रूपए तथा 6.50 रूपए प्रतिकिलो की दर पर विक्रय किया जा रहा है। महिला समूह गोबर से खाद के अलावा गो-कास्ट, दीया, अगरबत्ती, मूर्तियां एवं अन्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय कर लाभ अर्जित कर रही हैं। गौठानों में महिला समूहों द्वारा इसके अलावा सब्जी एवं मशरूम का उत्पादन, मुर्गी, बकरी, मछली पालन एवं पशुपालन के साथ-साथ अन्य आय मूलक विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे महिला समूहों को अब तक 86 करोड़ 96 लाख रूपए की आय हो चुकी हैं। राज्य में गौठानों से 11,187 महिला स्व-सहायता समूह सीधे जुड़े हैं, जिनकी सदस्य संख्या 83,874 है। गौठानों में क्रय गोबर से विद्युत एवं प्राकृतिक पेंट सहित अन्य सामग्री का भी उत्पादन किया जा रहा है।

**गोधन न्याय से 3 लाख 9 हजार से अधिक ग्रामीण पशुपालक लाभान्वित**

राज्य में गोधन के संरक्षण और संर्वधन के लिए गांवों में गौठानों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। गौठानों में पशुधन देख-रेख, उपचार एवं चारे-पानी का नि:शुल्क प्रबंध है। राज्य में अब तक 11,288 गांवों में गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 9631 गौठान निर्मित एवं शेष गौठान निर्माणाधीन है। गोधन न्याय योजना से 3 लाख 9 हजार 806 ग्रामीण, पशुपालक किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

## 42 हजार से अधिक रोजगार देने देश भर के 70 नियोजक जुटेंगे जिले में

- वृहद रोजगार मेला का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पावर हाउस भिलाई तथा लाईवलीहुड कालेज सेक्टर 6 ए मार्केट भिलाई में



**दुर्ग (आरएनएस)।** रोजगार सृजन का अब तक का सबसे बड़ा काम दुर्ग जिले में होने जा रहा है। 42 हजार 50 पदों को भरने के लिए मेगा रोजगार मेला का आयोजन 21 दिसंबर को होगा। सुबह साढ़े दस बजे से यह वृहद रोजगार मेला आयोजित होगा। यह आयोजन शासकीय आईटीआई पावर हाउस तथा लाइवलीहुड कालेज सेक्टर 6 ए मार्केट में होगा। मेले में देश के विभिन्न राज्यों के 70 से अधिक निजी नियोजक हिस्सा लेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप और कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार मेगा रोजगार मेला का आयोजन हो रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के भीतर और राज्य के बाहर भी सबसे अच्छे रोजगार की संभावनाएं युवाओं के लिए तैयार होंगी। कुर्रे ने बताया कि वृहद रोजगार मेले के आयोजन का निर्णय राज्य स्तर पर लिया गया है। संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण अवनीश शरण के मार्गदर्शन में विभागीय अधिकारियों ने प्रदेश और प्रदेश के बाहर के नियोक्ताओं से संपर्क किया और इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

बैंकिंग से लेकर आईटी, हास्पिटैलिटी और सिक्योरिटी तक सभी क्षेत्रों में जाब-वृहद रोजगार मेले में हर सेक्टर के लिए जाब हैं। इसमें वस्त्र(एपेरल), बैंकिंग एंड फाइनेंशियल, आईटी और आईटी इनेबल्ड सर्विसेज, बीपीओ, मैन्यूफैक्चरिंग, आटोमोबाइल एवं विविध उद्योगों और सेवा क्षेत्र के व्यवसायों के लिए यह नियुक्तियां होंगी।

रोजगार मेला में केवल वे आवेदक सम्मिलित हो सकते हैं जिन्होंने गूगल फार्म के माध्यम से पूर्व में आवेदन प्रेषित किया गया है। रिक्तियों की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाइट अथवा गुगल पर प्राप्त कर सकते हैं। जिन आवेदकों ने गूगल फार्म भरा है वे 21 दिसंबर, बुधवार को सुबह साढ़े दस बजे उक्त स्थल पर अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ0ग0 निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड इत्यादि की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ पर उपस्थित हो सकते हैं।

## टंगिया-सब्बल लिए लोगों ने की व्यापारी से लूट

**कोरबा (आरएनएस)।** किराना सामान सेल करने वाले एक व्यापारी के मालवाहक को रोड पर पत्थर लगाकर रोकने के बाद टंगिया. सब्बल पकड़े दो लोगों ने लूटपाट की। मामले में पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर लिया है।

घटना उरगा थाना अंतर्गत बरीडीह के मोहनपुर मोहल्ला में हुई, जहां शुक्रवार को शहर के दर्री रोड निवासी व्यापारी सौरभ तिवारी 23 किराना सामान बेचने गया था। वह मालवाहक सीजी.12.एएम.9881 में गांव.गांव में सामान बेचने के बाद रात करीब 9 बजे वहां निवासरत रामेशवर सोनवानी के दुकान में सामान देने पहुंचा। जहां से पैसा लेने के बाद रात करीब साढ़े 9 बजे वह वापस जा रहा था। उसी दौरान बस्ती के आगे मुंह में गमछा बांधे दो लोग खड़े थे। उन्होंने टंगिया और सब्बल पकड़ा था। रोड पर पत्थर रखे थे। उनकी मंशा समझ में आते ही सौरभ तिवारी डरकर वाहन बैकगेयर पर डालकर बस्ती की ओर जाने लगा। तब वे दोनों हथियार लहराते हुए वाहन की ओर दौडऩे लगे।

घबराहट में वाहन रोड किनारे बन रही नाली में फंस गई। जान बचाने के लिए सौरभ वाहन से कूदकर बस्ती की ओर भागा। बस्ती पहुंचकर उसने घटना के बारे में बताया, जहां से कुछ व्यापारी व लोग उसके साथ मौके पर पहुंचे। वाहन का दरवाजा खुला था, वहीं अंदर रखा थैला बदमाश उठाकर ले गए थे। सौरभ ने उरगा थाना में दूसरे दिन पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई।

## संसद में दीपक बैज ने मांगा 10 लाख 9 हजार 511करोड़ के बट्टे खाते का हिसाब

**जगदलपुर (आरएनएस)।** संसद के शीत सत्र में आज बस्तर सांसद दीपक बैज ने केंद्र सरकार से 10 लाख 9 हजार 511करोड़ के बट्टे खाते का हिसाब पूछ कर खलबली मचा दी। लोकसभा में लोक हित के मसले बेहद संजीदगी से उठाने वाले सांसद दीपक बैज ने कहा कि यह देश की जनता से जुड़ा बहुत गंभीर विषय है। मंत्री का जवाब आया है कि सरकार ने 5 साल में 10 लाख 9 हजार 511 करोड़ बट्टे खाते में डाले हैं। सांसद दीपक बैज ने कहा कि यह देश की जनता का पैसा है। नौकरी करने वालों का पैसा है, छोटे छोटे कारोबार करने वालों का पैसा है, किसानों का पैसा है सरकार बताये कि ये कौन लोग हैं, पिछले 5 साल में कितने लोग पैसा लेकर देश छोडक़र भाग गए और क्या सरकार इनके नामों को करेगी। इस पर विभागीय मंत्री ने सदन में बताया कि आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार नाम डिक्लेअर नहीं किया जाते हैं। लेकिन जब उनके ऊपर ऑप्शन होती है तब नाम सामने आते हैं। इस पर सांसद दीपक बैज ने कहा कि मंत्री जी भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 452 के अनुसार नाम सार्वजनिक नहीं किया जाता, हमने समझ लिया। लेकिन छोटे छोटे कर्ज वालों के नाम सार्वजनिक हो जाते हैं। इन लोगों के नाम बताने से क्या दिक्कत है, यह जानना चाहता हूं। जो टॉप ट्वेंटी बिल्कुल डिफाल्टर हैं, उनके नाम बताएं। विपक्ष के सदस्यों ने दीपक बैज की मांग का समर्थन करते हुए डिफॉल्टरों के नाम बताने की मांग की।

## शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो बीवी को मारा कुल्हाड़ी, आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले में एक पति ने अपनी बीवी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसने महिला को इसलिए मारा क्योंकि उसने शराब के लिए पैसे नहीं दिए थे। कहा था कि आपने पहले से इतनी पी रखी है और कितना पीओगे। मेरे पास पैसे नहीं है। ये सुनने के बाद युवक गुस्सा हो गया और उसने हमला हमला कर दिया है। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। मामला शयांग थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार खिसलारीपारा निवासी प्रफुल्ल यादव 38 अपनी पत्नी लगनमती 35 और 16 साल के बेटे रामकुमार के साथ रहता है। वह घर का खर्चा चलाने के लिए रोजी मजदूरी करता है। रोज की तरह वह रविवार को भी शराब पीकर घर पहुंचा था। शाम के वक्त तीनों ने मिलकर खाना खाया। इसके बाद रात को ही उसका बेटा कहीं सोने चला गया था। बताया गया कि रात के वक्त ही प्रफुल्ल ने अपनी पत्नी से कहा कि मुझे पैसे चाहिए शराब पीने के लिए। मगर लगनमती मना करने लगी। कहने लगी तुमने तो पहले से शराब पी रखी है और कितनी पीओगे। मेरे पास पैसे भी नहीं है। बस यही बात सुनकर प्रफुल्ल गुस्से में आ गया और गाली गलौज करने लगा। बाद में कुल्हाड़ी उठाकर उसने लगनमती पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

घटना के वक्त महिला जोर-जोर से चिल्ला रही थी। इतने में चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाला लगनमती का भाई मौके पर पहुंच गया। वहीं आरोपी पति फरार हो गया था। जबकि महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है। इसके अलावा पुलिस को भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई थी। जिसके बाद से पुलिस ने इस केस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मगर आरोपी गांव में नहीं मिला था। इस बीच गांव के ही किसी शख्स ने बताया कि उसे जंगल की तरफ भागते हुए देखा गया है। इसके बाद पुलिस की टीम ने जंगल में दबिश दी और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में जांच जारी है।

## संजू त्रिपाठी हत्याकांड में बड़ा खुलासा, संपत्ति विवाद में हुआ मर्डर, 11 आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर के सकरी में संजू त्रिपाठी मर्डर केस की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है. पुलिस ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले का खुलासा किया. बिलासपुर पुलिस ने बताया कि पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर संजू त्रिपाठी की हत्या।

संजू त्रिपाठी के परिवारवालों ने इस मर्डर कांड की साजिश रची पिता और सगे भाइयों ने संजू त्रिपाठी के मर्डर की सुपारी दी।

उसके बाद प्रोफेशनल शूटर्स से 10 लाख में इस वारदात की डील की गई. इस केस में मुख्य आरोपी कपिल त्रिपाठी लखनऊ एक्सप्रेस वे से गिरफ्तार किया गया. करीब पांच अज्ञात शूटर्स और झारखंड और रायगढ़ के हथियार सप्लायर इस केस में फरार बताए जा रहे हैं।

पुलिस ने करीब 20 लाख मोबाइल नंबरों का विश्लेषण कर इस केस को सॉल्व किया. करीब पांच राज्यों जिसमें मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली और छत्तीसगढ़ में एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे पुलिस ने खंगाले. तब जाकर मुख्य आरोपी तक पुलिस पहुंच पाई. पुलिस ने इस केस में तीन पिस्टल को जब्त किया है. जबकि 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## मुख्यमंत्री ने किया छत्तीसगढ़ी पत्रिका 'अरई तुतारी' और गीत संग्रह 'चंदन अस मोर गांव के माटी' का विमोचन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर शाम अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ी मासिक पत्रिका 'अरई तुतारी' और छत्तीसगढ़ी गीत संग्रह 'चंदन अस मोर गांव के माटी' का विमोचन किया। मासिक पत्रिका 'अरई तुतारी' की सम्पादकीय टीम के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बताया कि 'अरई तुतारी' छत्तीसगढ़ी भाषा की पहली मासिक पत्रिका है। इसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति के विविध आयामों जैसे यहां के पर्व, लोकनृत्य, पर्यटन स्थल, सिनेमा, साहित्य आदि से जुड़े आलेखों का संग्रह छत्तीसगढ़ी भाषा में किया गया है। छत्तीसगढ़ी गीत संग्रह 'चंदन अस मोर गांव के माटी' के गीतकार चम्पेश्वर गोस्वामी ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस संग्रह के माध्यम से उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखे अपने 72 गीतों को किताब की शक्ल दी है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी पत्रिका 'अरई तुतारी' की सम्पादकीय टीम और गीत संग्रह 'चंदन अस मोर गांव के माटी' के गीतकार चम्पेश्वर गोस्वामी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ओमप्रकाश चन्द्राकर, अभिषेक दुबे, अवधेश मल्लिक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**कविता लेखन में बचपन से है रुचि-** चम्पेश्वर गोस्वामी को बचपन से ही कविता, पुस्तक लिखने की आदत थी,इससे पहले भी उन्होंने कई गीत,कविता ,पुस्तक लिख चुके हैं।पेशे से शिक्षक, परंतु लेखनी नहीं छोड़ीचम्पेश्वर पेशे से शिक्षक है,वे अभनपुर ब्लॉक के कोलर गांव में शिक्षक के पद पर पदस्थ है,वे बच्चों को पढ़ाने के साथ साथ ही कविता,गीत लिखते हैं,

**चम्पेश्वर दूरदर्शन के बतौर एंकर कार्य कर रहे हैं-** कविता लेखन के साथ उनकी भाषा शैली भी मधूर हे,इसलिए वे पार्ट टाइम में दूरदर्शन छत्तीसगढ़ में एंकरिंग करते हैं ,जिसमे प्रदेश के प्रसिद्ध हस्तियों के साथ चर्चा करते दिखते भी है

**चम्पेश्वर मुलत: पुरातन गांव तरीघाट के बेटे -** चम्पेश्वर गोस्वामी का जन्मदिन पाटन ब्लाक के अंतिम गांव में बसे पुरातन गांव तरीघाट मे जन्म हुआ व प्रारंभिक लिखाई पढ़ाई भटगांव (खोरपा)मे हुई,वहीं स्नातक, स्नातकोत्तर की डिग्री रायपुर से ग्रहण किया ,ततपश्चात वे शासकीय नौकरी में चयनित हुए परंतु अपने गांव व माटी से हमेशा जुड़े रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा शैक्षणिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल्ले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करावेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU